झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची, झारखण्ड

मॉडल प्रश्नपत्र वस्तुनिष्ठ–2023–24

कक्षा–9	विषय	हिन्दी–A	समय 1.30 घंटा	पूर्णांक 40

सामान्य निर्देशः–

- सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है।
- प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।
- प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं सही विकल्प का चयन कीजिए।
- गलत उत्तर के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएंगे।

खण्ड – क (अपठित गद्यांश एवं पद्यांश)

निर्देशः निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नसंख्या 1 से 4 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें:–

हमारे देश में कई प्रकार के त्योहार मनाए जाते हैं। इनमें कुछ धर्म से जुड़े होते हैं, तो कोई नववर्ष के आगमन से जुड़े होते हैं। त्योहारों के कारण पूरा वर्ष उमंग से भरा–पूरा बना रहता है। नववर्ष के आगमन के समय तो खेत लहलहाने लगते हैं, उनकी कटाई आरम्भ हो जाती है, किसान का मन भी प्रफुल्लित हो जाता है। इसी प्रकार महापुरुषों की याद में मनाए जाने वाले त्योहार हमारे मन को देशभक्ति एवं गौरव की भावना से सराबोर कर देते हैं। सभी त्योहारों के लक्ष्य एक ही है – हम सभी त्योहारों को मिलजुल कर एक साथ हर्षोल्लास के साथ मनाएँ और उसमें निहित अच्छे विचारों को संपूर्ण समाज में फैलाने में मदद करें। जिससे सभी धर्मों के लोगों में एकजुटता की भावना जागृत हो सके।

(1) गद्यांश के अनुसार किसके आगमन के समय खेत लहलहाने लगते हैं?

(A) नववर्ष के आगमन के समय (B) नववर्ष के बीतने के समय

(C) पूरे वर्ष भर (D) फसलों की कटाई के समय

(2) गद्यांश के अनुसार हम सभी त्योहारों को मिलजुल कर एक साथ कैसे मनाते हैं?

(A) कटुता के साथ (B) हर्षोल्लास के साथ

(C) पकवान खाने के साथ (D) नाचने गाने के साथ

(3) 'गद्यांश' का सर्वाधिक उचित शीर्षक क्या होगा?

(A) देश और त्योहार (B) त्योहारों का देश

(C) हमारे त्योहार (D) त्योहारों का महत्व

(4) 'प्रफुल्लित' शब्द का पर्यायवाची होगा?

(A) खुशी (B) विषाद

(C) सम्मान (D) स्वागत

निर्देश : प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढकर प्रश्न संख्या 5 से 8 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें:–

पक्षी और बादल

ये भगवान के डाकिए हैं

जो एक महादेश से

दूसरे महादेश को जाते हैं

हम तो समझ नहीं पाते हैं।

मगर उनकी लाई चिट्ठियाँ

पेड़, पौधे पानी और पहाड़ बाँचते हैं।

हम केवल यह आँकते हैं

कि एक देश की धरती

दूसरे देश को सुगंध भेजती है।

(5) 'पक्षी और बादल' को किस रूप में बतलाया गया है?

(A) डाकिए (B) धरती

(C) खुशबू (D) देश

(6) एक देश से दूसरे महादेश कौन जाते हैं?

(A) फूल और पत्ते (B) पेड़ और पौधे

(C) पहाड़ और पानी (D) पक्षी और बादल

(7) 'सुगंध' में कौन सा उपसर्ग होगा?

(A) स्व (B) सु

(C) स्वा (D) सा

(8) पद्यांश का उचित शीर्षक क्या हो सकता है?

(A) प्रकृति के संवाहक (B) देश और महादेश

(C) पानी और पहाड़ (D) पेड़ और पौधे

खण्ड ख (व्याकरण)

(9) संख्यावाचक विशेषण की पहचान करें?

(A) लाल टोपी (B) गोल चश्मा

(C) अच्छा आदमी (D) दो बैल

(10) 'विज्ञान' शब्द में 'इक' प्रत्यय लगाने से नया शब्द क्या बनेगा?

(A) विज्ञानी (B) विज्ञानिक

(C) वैज्ञानिक (D) वैधानिक

(11) इनमें से 'सरल वाक्य' का उदाहरण कौन–सा है?

(A) जोर जोर से वर्षा हो रही है।

(B) वर्षा हो रही है और बिजली चमक रही है।

(C) मोहन ने कहा कि कल वर्षा होगी।

(D) वर्षा हो रही है तथा लड़के खेल रहे हैं।

(12) इनमें से किस वाक्य में 'कर्ता' के 'ने' चिह्न का सही प्रयोग हुआ है?

(A) शिक्षक ने कहा है (B) उसने खाना खा रही थी

(C) मोहन ने बाजार गया था (D) सीता ने भजन गा रही थी

(13) निम्नलिखित में से 'साकार' का विलोम पहचानें?

(A) आकार (B) निराकार

(C) प्रकार (D) स्वीकार

(14) 'ईंट का जवाब पत्थर से देना' मुहावरा का सही अर्थ पहचानें?

(A) कड़ा प्रतिरोध करना (B) कड़ा प्रतिरोध नहीं करना

(C) कोई प्रतिरोध नहीं करना (D) थोड़ा प्रतिरोध करना

(15) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'एकवचन' है?

(A) आँसू (B) प्राण

(C) दर्शन (D) आकाश

(16) औपचारिक पत्र में इनमें से कौनसा विकल्प नहीं होगा?

(A) अभिवादन (B) दिनांक

(C) पता (D) विषय

(17) निबंध लेखन के अंतिम चरण को क्या कहते हैं ?

(A) आरंभ (B) मध्य

(C) उपसंहार (D) विस्तार

(18) संवाद में कौन से अंश आवश्यक होते हैं?

(A) केवल विचार (B) केवल नाम

(C) केवल समय (D) नाम, भाषा, स्थान और गतिविधि

नवोन्मेष शोध
JCERT

खण्ड–ग (पाठ्यपुस्तक)

निर्देश : प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 19 से 22 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें:–

19 से 22 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें:–

एक काले माथे वाली चतुर चिड़िया

श्वेत पंखों के झपाटे मार फौरन।

टूट पड़ती है भरे जल के हृदय पर,

एक उजली चटुल मछली,

चोंच पीली में दबाकर

दूर उड़ती है गगन में

(19) चिड़िया के माथे का रंग कैसा है?

(A) काला (B) पीला

(C) सफेद (D) हरा

(20) कवि ने चतुर किसे कहा है?

(A) मछली को (B) चिड़िया को

(C) बादल को (D) पानी को

(21) चिड़िया मछली को किस तरह पकड़ती है?

(A) दौड़कर (B) गोता लगाकर

(C) डूबकी लगाकर (D) झपाटे मारकर

(22) 'गगन' का पर्यायवाची कौन नहीं होगा?

(A) आकाश (B) नभ

(C) वसुधा (D) आसमान

JCERT

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें:–

(23) 'साखियाँ' एवं 'सबद' पाठ के आधार पर दिए गए पदों और उनके तत्सम रूप दिए गए है। इनमें गलत विकल्प का चयन करें?

(A) पखा–पखी–पशु–पक्षी (B) अनत–अनंत

(C) निरपख – निष्पक्ष (D) दुहूँ–दोनों

(24) 'वाख' पाठ के आधार पर निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य सही है?

(A) भवसागर पार करने के लिए कवयित्री प्रभु भक्ति को आवश्यक नहीं मानती

(B) भोग और त्याग के बीच मध्यम मार्ग अपनाना चाहिए

(C) कवयित्री उतराई के रूप में रूपये देना चाहती है।

(D) कवयित्री के अनुसार ईश्वर स्थान विशेष का वासी है।

(25) 'कैदी और कोकिला' कविता के अनुसार मोहन के व्रत द्वारा किसकी ओर संकेत किया गया है?

(A) श्री कृष्ण की ओर (B) मोहनदास करमचंद गांधी की ओर

(C) कैदी की ओर (D) कोयल की ओर

(26) 'मेघ आए' कविता के अनुसार 'धूल' किसका प्रतीक है?

(A) युवक का (B) युवती का

(C) पाहुन का (D) नदी का

निर्देश :– प्रस्तुत गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 27 से 30 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें:–

गधे को कभी क्रोध करते नहीं सुना, न देखा। जितना चाहे गरीब को मारो, चाहे जैसी खराब, सड़ी हुई घास सामने डाल दो, उसके चेहरे पर कभी असंतोष की छाया भी न दिखाई देगी। वैशाख में चाहे एकाध बार कुलेल कर लेता हो, पर हमने तो उसे कभी खुश होते नहीं देखा। उसके चेहरे पर एक विषाद स्थायी रूप से छाया रहता है। सुख–दुख, हानि–लाभ, किसी भी दशा में उसे बदलते नहीं देखा। ऋषियों–मुनियों के जितने गुण हैं,

वे सभी उसमें पराकष्ठा को पहुँच गए हैं, पर आदमी उसे बेवकूफ कहता है। सद्‌गुणों का इतना अनादर कहीं नहीं देखा।

(27) गधा कैसा प्राणी है?

(A) हिंसक (B) सहनशील

(C) उदंड (D) क्रोधी

(28) गधे में ऋषि–मुनियों का कौन सा गुण पाया जाता है?

(A) सुख–दुख में समान भाव से रहने का

(B) योग साधना का

(C) परोपकार का

(D) विद्वता का

(29) गधे को आदमी क्या समझता है?

(A) होशियार (B) बेवकूफ

(C) लाचार (D) कामचोर

(30) गद्यांश के अनुसार 'विषाद' का अर्थ होगा?

(A) सुख (B) खुशी

(C) दुख (D) गुणी

निर्देशः निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें:–

(31) 'ल्हासा की ओर' पाठ में लेखक के सहयात्री का नाम क्या था?

(A) सुमति (B) नमसे

(C) जागीरदार (D) समाधिगिरी

(32) 'साँवले सपनों की याद' पाठ के अनुसार 'साइलेंट वेली' कहाँ स्थित है?

(A) पंजाब (B) हरियाणा

(C) केरल (D) झारखण्ड

(33) किस ब्रिटिश सेनापति ने देवी मैना पर सहानुभूति दिखलाई थी?

(A) जनरल आउटरम (B) सर टामस हे

(C) लार्ड मिंटो (D) जेम्स फिलिप

(34) 'मेरे बचपन के दिन' पाठ के अनुसार महादेवी वर्मा को उनकी माता जी ने सबसे पहले किस ग्रंथ को पढ़ना सिखलाया ?

(A) रामायण (B) महाभारत

(C) पंचतंत्र (D) गीता

(35) 'जूता हमेशा टोपी से कीमती रहा है।'– यह पंक्ति किस पाठ से ली गई है?

(A) दो बैलों की कथा (B) प्रेमचंद के फटे जूते

(C) साँवले सपनों की याद (D) मेरे बचपन के दिन

(36) 'मेरे संग की औरतें' पाठ में लेखिका की नानी ने अपने पति के मित्र प्यारे लाल से अपनी पुत्री के लिए कैसा वर ढूँढ़ने का आग्रह कि है?

(A) वकील (B) डॉक्टर

(C) आजादी का सिपाही (D) शिक्षक

(37) 'रीढ़ की हड्डी, एकांकी के रचनाकार निम्नलिखित में से कौन हैं?

(A) फणीश्वर नाथ 'रेणु' (B) मृदुला गर्ग

(C) जगदीश चंद्र माथुर (D) शमशेर बहादुर सिंह

(38) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में विवाह योग्य कन्या का नाम क्या है?

(A) उमा (B) प्रेमा

(C) रमा (D) रीमा

(39) निम्नलिखित में से किस पाठ में विस्थापन का दर्द है?

(A) रीढ़ की हड्डी (B) मेरे संग की औरतें

(C) माटी वाली (D) किस तरह आखिरकार मैं हिन्दी में आया

(40) माटीवाली पाठ में किस शहर का वर्णन है?

(A) टिहरी (B) कोलकाता

(C) हरिद्वार (D) पटना

झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची

उत्तरमाला

(2023-2024)

कक्षा- 09	विषय- हिंदी 'ए'	पूर्णांक-40

प्रश्न सं.	उत्तर	प्रश्न सं.	उत्तर	प्रश्न सं.	उत्तर	प्रश्न सं.	उत्तर
01	A	11	A	21	D	31	A
02	B	12	A	22	C	32	C
03	D	13	B	23	A	33	B
04	A	14	A	24	B	34	C
05	A	15	D	25	B	35	B
06	D	16	A	26	B	36	C
07	B	17	C	27	B	37	C
08	A	18	D	28	A	38	A
09	D	19	A	29	B	39	C
10	C	20	B	30	C	40	A